# || साईं राम साईं श्याम साईं भगवान भजन ||

Chalisamantras.com

साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
करुणा के सागर दया निधान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं चरण की धुल को,
माथे जो लगाओगे,
पुण्य चारों धाम का,
शिरडी में ही पाओगे,
होगा तुम्हारा वही कल्याण,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

कोई शहंशाह उनको कहे,
शिव का ही तो रूप है,
छाया हैं वो धर्म की,
कर्म की वो धुप है,
पढ़के जो आये हैं वेद पुराण,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

मानवता के साई रवि,
दया के साई चाँद हैं,
साँची प्रेम की डोर से,
रहे वो सबको बांध हैं,
मंदिर मस्जिद एक सामान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

Chalisamantras.com

सबको समझते वो एक सा,
राजा हो या रंक हो,
भेद और भाव के,
मिटा रहे कलंक को,
सबको समझते निज संतान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई के द्वार हर घड़ी,
सत्य की बरखा हो रही,
झूठे इस जहान के,
पाप काले धो रही,
करते है शंका का समाधान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

बैर रहित कशिश भरी,
साई से निर्मल प्रीत लो,
दुश्मनी जो कर रहे,
उनके दिल भी जीत लो,
सब पे चलाते प्रेम के बाण
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई हमें सीखा रहे,
सबका मालिक एक है,
एक सी नज़र से वो,
रहे सभी को देख है,
करते न सहते जो अभिमान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,

Chalisamantras.com

साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई के द्वार शीश धर,
दो घडी जो सो गए,
नफरतों के नाग भी,
विष रहित वह हो गए,
हर एक मुश्किल वो करते आसान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई के दर असर होता,
हर दिली फ़रियाद का,
बेऔलाद पा गए,
सुख वहां औलाद का,
बेजान भी वहां पा गए जान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

दूर अँधेरे कर रही,
साई भजन की रोशनी,
रोग शोक हर रही,
साई नाम संजीवनी,
श्रद्धा सबुरी का देते है दान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साफ़ शुद्ध होती है,
जिन दिलो की भावना,
पूरी होती उनकी ही,

Chalisamantras.com

साई के द्वार कामना,
कष्ट मिटाते कष्ट निधान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई की धूलि से कभी,
तुम भभूत ले भी लो,
हर बला से लड़ने की,
दिव्य शक्ति ले भी लो,
जग में बढ़ाते भक्तों की शान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

आस्था में भीग के,
साई को जो है पुकारते,
साई खिवैया बनके ही,
उनकी नैया तारते,
मन की दशा वो लेते है जान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

चमत्कार साई बाबा ने,
जब निराले थे किये,
दिव्य अनोखे पानी से,
जल गए थे सब दिए,
पल में किया चूर था अभिमान
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

Chalisamantras.com

जिन क्रूर दुष्टों ने,
डर दिलो में भर दिया,
सीधे सादे संत ने,
सही मार्ग उनको दिखा दिया,
दया धरम का वो देते है ज्ञान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साई के द्वार जो झुके,
मेल मन का साफ कर,
कसूर सबके साई ने,
माफ़ किये उनको अपनाकर,
कहता सही है सारा जहान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

दुनिया भर की नेमते,
साई जी के पास है,
मांग ले जो है मांगना,
फिर क्यों इतना उदास है,
सबको ही सुख का देंगे वरदान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

निश्चय वृक्ष को यहाँ,
फलते हमने देखा है,
खोटे सिक्को को भी तो,
चलते हमने देखा है,
श्रद्धा का देते सदा वरदान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,

Chalisamantras.com

साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

मीठी वाणी का सदा,
रस यहाँ मांगिये,
कीर्ति और सम्मान संग,
यश यहाँ से मांगिये,
विनती वो लेते भक्तों की मान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं जो के योग का,
कुछ तो ज्ञान लीजिये,
आत्मा को सत्य की,
कुछ खुराक दीजिये,
घर बैठे पाओगे तुम भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं के द्वार मिल गयी,
जिनको साची नौकरी,
साईं दया से उनकी तो,
सात पुस्ते तर गयी,
देते अलौकिक खुशियों का दान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

जिस किसी ने साईं का,
जाप दिल से कर लिए,
रहमतों से उसने ही,

Chalisamantras.com

अपने घर को भर लिया,
रहने न देते दुःख का निशान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

अल्ल्हा, ईशू, सतगुरु,
प्रभु के तीनो रूप हैं,
तोनो को मिला बना,
साईं का ये स्वरूप है,
पूजा जिनकी करता जहाँ,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

दूर करलो मन से तुम,
पहले ये दुर्भावना,
प्रीत अगर तुम्हारी सच्ची हो,
पूर्ण होगी कामना,
छल वल लेते पहचान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं सुधा से अंत हो,
पाप और संताप का,
साईं ने सीखा दिया,
गुर हैं पश्चाताप का,
अज्ञानी को देते हैं ज्ञान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

Chalisamantras.com

निंदा द्वेष तज के जो,
साईं शरण में आ गए,
करुणा और सदभाव का,
आनंद वो ही पा गए,
सच्चाई पे हैं कुर्बान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

प्रेम अश्रु जो बहा,
साईं चरण को धोएगा,
उसके जीवन का जहर,
पल में अमृत होयेगा,
कांटो को करते पुष्प समान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

जिस भी देह को प्राण दे,
साईं का लाड खायेंगे,
छोड़ उसे यमराज भी,
खाली लौट जायेंगे,
पल तेरे विघ्न का भी निदान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

जहाँ चढ़े इंसान ही,
काटते इंसान की,
जरुरत है वहां बड़ी,
साईं के पावन ज्ञान की,
नेकी से रोके बदी तूफ़ान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,

Chalisamantras.com

साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

कहता हमको शिर्डी का,
कण कण ये पुकार के,
साईं का प्यार पाना तो,
बीज बोलो प्यार के,
प्यार का दूजा नाम भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

देख कर दुखियो को,
जिनके दिल पिघल गए,
उनको दया के रूप में,
साईं बाबा मिल गए,
सबको बुलाते वो दयावान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

धोखा जो दोगे साईं को,
खुद ही धोखा खाओगे,
लोक और परलोक में,
कहीं न बक्शे जाओगे,
मैं ही नहीं ये कहता जहाँ,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं जिनको प्यारे हैं,
वो दीवाने साईं के,
उनके लिए ही खुल गए,

Chalisamantras.com

दिव्या खजाने साईं के,
वो नित करते यही गुणगान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

जब कहीं निर्दोष मन,
साईं को ही बुलाएँगे,
छोड़ शिर्डी पल में ही,
साईं दौड़े आयेंगे,
दुःख हर लेंगे दया के निधान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

साईं राम साईं श्याम साईं भगवान,
शिर्डी के दाता सबसे महान,
करुणा के सागर दया निधान,
शिर्डी के दाता सबसे महान ।

Chalisamantras.com

Chalisamantras.com